निरीक्षण

पीएनआईसीयू-एनआरसी का काम अधूरा मिलने पर निर्माण एजेंसी को लगाई फटकार

कलेक्टर का सौसर सिविल अस्पताल में औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सौसर 28 अगस्त - स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने बुधवार को सौसर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का जायजा लेते हुए मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के कड़े निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान डॉक्टर ओपीडी, रशीद काउंटर, आयुष्मान योजना कक्ष, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे, जन्म-मृत्यु पंजीयन, क्षय रोग विभाग, दवा वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, ऑक्सीजन प्लांट, मर्चुरी, जनरल वार्ड, प्रसूता वार्ड एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने रशीद काउंटर को पायलट प्रोजेक्ट के तहत जल्द से जल्द पूरी तरह कंप्यूटरीकृत करने

के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर में रखी कबाड़ सामग्री का नियमानुसार तुरंत निस्तारण करने को कहा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकड़े ने कलेक्टर को अस्पताल के मौजूदा संसाधनों और स्टाफ की आवश्यकताओं से अवगत कराया।

अधूरे निर्माण पर जताई कड़ी नाराजगी

अस्पताल के द्वितीय तल पर पीआईयू द्वारा नवनिर्मित पीएनआईसीयू और एनआरसी वार्ड का काम अधूरा मिलने तथा अब तक हैंडओवर न होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। निर्माण एजेंसी को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने दूरभाष पर पीआईयू अधिकारियों से बात की और गुरुवार तक विस्तृत रिपोर्ट तलब की। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लेटलतीफी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एम्बुलेंस शुल्क व्यवस्था में संशोधन

रोगी कल्याण समिति द्वारा संचालित एम्बुलेंस पर हो रहे अधिक व्यय की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। इसके तहत सक्षम मरीजों से निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, जबकि बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद मरीजों को निर्धारित दर की आधी राशि पर यह सुविधा मिलेगी। वहीं पात्र गंभीर बीपीएल मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर नि:शुल्क सेवा दी जाएगी।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण -

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, डॉ. संदीप नखाते, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. चौहान, बीईई रवि प्रसाद तुमडाम, बीपीएम नवनीत बोरकर, नर्सिंग ऑफिसर वंदना गजभिए, श्रीमती पटले, फार्मासिस्ट मनोहर वड़सकर, सुनील वाहने सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

रोटरी क्लब पांढुर्ना ने 35 विद्यार्थियों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री

नवभारत न्यूज़

सौसर 26 अगस्त. ग्राम बिछुआ बग्गू स्थित सती अनुसया माता माध्यमिक शाला में रोटरी क्लब पांडुना द्वारा शैक्षणिक सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदकिशोर धुंडे एवं गायकवाड ट्यूटोरियल्स के मधुकर गायकवाड ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत करने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर रोटरी क्लब पांडुना द्वारा लगभग 35 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन एवं पुस्तक सहित विभिन्न शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में रोटेरियन जितेंद्र धुंडे, वैभव आखरे, आशीष देशभ्रतार एवं अक्षय सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य एवं पत्रकार रमेश पातुरकर, श्री बारसकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाला के प्रधान पाठक पुरुषोत्तम भक्ते द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने मोहगांव नगर परिषद, प्लांट और लाइब्रेरी का किया औचक निरीक्षण

एसटीपी प्लांट में मिली अनियमितता, निर्माण रोकने के निर्देश, अवैध निर्माण पर नोटिस और क्यूब टेस्ट के आदेश

नवभारत न्यूज़

सौंसर 26 अगस्त.कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने बुधवार को नगर परिषद मोहगांव का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से उनके दायित्व, लंबित प्रकरणों तथा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना से संबंधित तैयारियों की भी जानकारी ली। नगर परिषद कार्यालय में आम नागरिकों की सुविधा के लिए सूचना बोर्ड और शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था पर आवश्यक निर्देश दिए।

एसटीपी प्लांट का निरीक्षण- मौके पर नपती, काम रोकने के निर्देश *

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही प्लांट की नपती करवाई और निर्माण कार्य की स्थिति एवं दस्तावेजों की जांच की। नियमों के विपरीत निर्माण पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित को नोटिस जारी करने और कार्रवाई के निर्देश दिए।कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण पांढुर्णा को निर्देशित किया कि एसटीपी का कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री द्वारा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। ठेकेदार को प्लांट से संबंधित पूर्ण ड्राइंग एवं डिजाइन का बोर्ड मौके पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए।कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उपयंत्री द्वारा रोजाना निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें।संबंधित पटवारी एवं आरआई को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिए।निर्माण गुणवत्ता की जांच के लिए क्यूब टेस्ट*के आदेश दिए।जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में नियमों का पालन और गुणवत्ता सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मौके पर नियमित निगरानी रखी जाए और अनियमितता पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

मोहगांव में विकास कार्य प्रगति पर

नगर परिषद मोहगांव में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना, अमृत 2.0, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा विशेष निधि के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य संचालित हैं।कलेक्टर ने अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखने और समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

लाइब्रेरी स्टाफ की सराहना की

कलेक्टर ने लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यों से संतुष्ट होकर उन्होंने लाइब्रेरी स्टाफ की सराहना करते हुए कहा -आप अच्छा काम कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष संदीप दादू घाटोंडे, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, सीएमओ आर वारठी सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोष्टी समाज 29 अगस्त को मनाएंगे भुजलिया पर्व, गलपेठ चौक में होंगी आतिशबाजी

नवभारत न्यूज़

सौंसर 26 अगस्त. कोष्टी नगर में बुनकर समाज द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर सावन मास में मनाया जाने वाला अनोखा भुजलिया पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुनकर समाज की यह प्राचीन परंपरा है जिसमें नवविवाहित कन्या, जिसकी शादी के बाद पहला सावन आता है, वह रक्षाबंधन के 9 दिन पहले 22 अगस्त को कुम्हार के यहां से मिट्टी लाकर घट स्थापना कर *माता पार्वती (मां गौरी) * की भक्ति और आराधना करती है। नवविवाहिता अपने परिवार, आने वाले बच्चे की सुख-शांति-समृद्धि की कामना के लिए यह कठिन उपवास करती है।

9 दिन तक गूंजते हैं सावन के गीत: 9 दिन चलने वाले इस पर्व में पूजा-अर्चना के साथ-साथ सावन के झूले लगाए जाते हैं। समाज की वृद्ध, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों द्वारा हर रोज सावन के गीत गाए जाते हैं। प्राचीन कथाओं और आल्हा-उदल की कहानियों से भी इसका कनेक्शन बताया जाता है। रक्षाबंधन के दूसरे दिन घट विसर्जन के साथ भुजलिया पर्व का समापन होता है। इसके उपरांत नवविवाहित कन्याएं घर-घर जाकर समाज के वरिष्ठ महिला-पुरुषों को भुजरिया देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।

29 को दिवाली जैसा नजारा

बुनकर वार्डों में हर्षोल्लास का वातावरण है। समाज के सभी लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दे रहे हैं। 29 अगस्त को शाम को गलपेठ चौक में आतिशबाजी का नजारा आकाश में दिखाई देगा, मानो बुनकर समाज की दिवाली अभी मनाई जा रही हो।

प्रतिभाओं का होगा सम्मान

भुजलिया उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी - अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। समिति के संरक्षक कैलाश धकाते ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस अवसर पर बुनकर समाज के ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राएं जिन्होंने बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनको सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त 2 प्रेरणादायक व्यक्तियों और राज्य कबीर बुनकर पुरस्कार (तृतीय स्थान) प्राप्त व्यक्ति को भी सम्मानित किया जाएगा।

बड़े शानो शौकत से मनाया ईद मिलादुन्नबी का जश्न

नव भारत न्यूज

बडचिचोली,26 अगस्त, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूरी दुनिया की तरह ग्राम बड चिचोली में बुधवार को मुस्लिम अनुयायियों ने परंपरा अनुसार ईद मिलादुन्नबी का जश्न बडे ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान ग्राम में मुस्लिम समाज के द्वारा निकाले गए जुलूस में तिरंगा ध्वज तथा देशभक्ति के नारों से कौमी एकता की मिसाल देखते ही बनी जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। यह जुलूस ग्राम के दुर्गा चौक में एकत्रित होने के बाद सभी ग्राम के शादौल अली बाबा की दरगाह में चादर पेश कर जुलूस प्रारंभ हुआ बड़े शान शौकत के साथ बस स्टैंड पुलिस चौकी काटोल रोड गोहटान बाजार चौक से होते हुए फरीद वाटीका पहुंचा बाबा फरीद गंजे शकर की मजार पर चादर पेश की गई,यहां केक काटा गया। उक्त जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया जुलूस में मस्जिद कमेटी द्वारा मिष्ठान प्रसाद का वितरण किया गया डीजे साउंड पर धार्मिक कव्वालियों का प्रोग्राम पेश किया गया जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना पांढुर्ना के आला अधिकारियों के साथ-साथ चौकी का पुलिस बल सक्रिय सहयोग रहा इस मिलादुन्नबी के रैली को कामयाब बनाने के लिए इंतजामिया कमेटी वक्त जामा मस्जिद के पदाधिकारीयो का सहयोग सराहनीय रहा।

एक माह से फरार पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,26अगस्त, ग्राम सिराठा और गोरलिखापा के मध्य मवेशियों से लदे पिकअप वाहन को ग्रामीणों ने एक माह पूर्व 28 जुलाई की रात्रि पकड़ा था, लेकिन यह वाहक चालक ग्रामीणों को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद बीते रात्रि महाराष्ट्र के वरुड़ से गिरफ्तार कर लाते हुए बुधवार को जेल भेजा।

गौरतलब हो कि बीते 28 जुलाई 2026 की रात्रि 10 मवेशियों को क्रुरता पूर्वक बाधकर महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहें पिकअप वाहन क्रमांक एमपी.04 जी.बी.2480 को नगरीय सीमा से लगे ग्राम सिराठा तथा गोरलीखापा के बीच ग्रामीणों ने पकडा था,हालांकि इस दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर इस उक्त वाहन का चालक कालु फरार हो गया था,लेकिन इस वाहन की रेकी कर रहें शिवसेना के जिला अध्यक्ष संजय इंगोले के पुत्र भूषण इंगोले के खिलाफ पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही फरार वाहन चालक कालू की सरगर्मी से तलाश में जूट गई थी।

मुखबिर की सूचना तथा काफी मशक्कत के बाद अंतःइस फरार वाहन चालक कालु उर्फ परवेज अफजल शाह निवासी आमनेर महाराष्ट्र के वरूड में एक रिश्तेदार के यहां छुपा होंने की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक चन्द्रप्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मन्कामनप्रसाद के निर्देश तथा एसडीओपी ब्रजेश भार्गव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमित दाणी के नेतृत्व में गठित टीम के प्रधान आरक्षक अशोक हरसुले आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह राजपूत द्वारा इस फरार पशु तस्कर कालू उर्फ परवेज शाह को महाराष्ट्र के वरुड़ से गिरफ्तार कर पांढुरना पुलिस थाने लाने के बाद इसके खिलाफ धारा 4,6,9 गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम ,11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण में कार्यवाही कर मंगलवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लेकर पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पुलिस को इसके पास से पशु तस्करों तथा इसके पशुओं के वाहनों को सीमा पार कराने में मदद करने वाले सहयोगियों के कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। बुधवार को जब इस पकड़े गए पशु तस्कर को स्वंय थाना प्रभारी अमित दानी पुलिस वाहन से लेकर न्यायालय ले जा रहे थे, लेकिन इसी दौरान पुलिस का यह वाहन बीच रास्ते में ही खराब होने पर मजबूरन पुलिस को इस मुख्य पशु तस्कर कालू को पैदल ही न्यायालय ले जाना पड़ा,जहां इसकी जमानत निरस्त होने पर उसे जिला जेल भेजा गया।

नगर पालिका के जनप्रतिनिधि,अधिकारी, कर्मचारियों ने लगाए सैकड़ों पौधे

नवभारत न्यूज, पांढुरना,26 अगस्त, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सभापति, पार्षद,अधिकारी,कर्मचारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों पौधे लगाते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाते हुए नगर को हरा-भरा तथा स्वच्छ रखने की अपील की है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज 26 अगस्त को नगर के सांदीपनी स्कूल परिसर,सावरगांव वार्ड स्थित राजेंद्र स्कूल परिसर तथा टेकडी वार्ड में सद्दाम होटल के आसपास विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया,इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल,सभापति,पार्षद,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले,लिपीक राजेश मानकर,कैलाश बावनकर,सुनील वघाले,विकासखंड प्रभारी शिक्षा अधिकारी श्री हांड़े, सांदिपनी स्कूल के प्राचार्य श्री बरेड़,नपा के लिपीक नरेन्द्र मस्के,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आबकारी विभाग ने ग्रामो में दबिश देकर महुआ लाहन किया नष्ट

नव भारत न्यूज

पांढुरना,26 अगस्त, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त पांढुर्णा द्वारा ग्राम घुड़नखापा, बिछुआ साहनी एवं नीलकंठ में अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास पत्रियों एवं ड्रमों में अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब के निर्माण के लिए एकत्रित लगभग 250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष लाहन निर्मूल्य होने के कारण मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। साथ

ही लगभग 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में ली गई। उक्त कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं। कार्रवाई में वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल, आरक्षक सुश्री श्रद्धा राहंगडाले एवं आरक्षक अंकुश मरावी उपस्थित रहे।

5,000 छात्रों को स्पर्धा परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग

नागपुर,महानगर संवाददाता?. नागपुर समेत राज्य के करीब 5,000 विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है?. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्णय लिया है. योजना की व्यवहार्यता, रूपरेखा और नीति तय करने के लिए उच्च शिक्षा संचालनालय ने 6 सदस्यीय विशेष समिति गठित की है. समिति को 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए मुफ्त ऑनलाइन मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी?. इसके बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने राज्य के 5,000 विद्यार्थियों को मुफ्त मार्गदर्शन देने का निर्णय लिया है?.

अनदेखी

पड़ोसी छिंदवाड़ा जिले के अधिकारी को दी पांढुरना,अंबाडा वन परिक्षेत्र की जिम्मेदारी,अधिकारी विहीन जंगलों में तस्करों की बल्ले-बल्ले,खुलेआम काटे जा रहे जंगल

भारमुक्त किए वन अधिकारियों के स्थान पर वर्षों बाद भी नहीं की पदस्थापना

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,26 अगस्त, पांढुरना वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभुराम मुछाला का यहां से स्थानांतरण होने के बाद इनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी के आए बगैर उन्हें यहां से भारमुक्त कर दिया है,और अब पांढुरना तथा अंबाडा वन परिक्षेत्र का चार्ज पडोसी जिले छिंदवाड़ा के वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री टी.आर.भलावी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। श्री भलावी के पास तीन-तीन परिक्षेत्र का प्रभार होने तथा यहां से छिंदवाड़ा 100 किलोमीटर दूर होने से श्री भलावी भी महीनों से यहां आकर भी नहीं देखते जिसके चलते पांढुरना तथा अंबाडा रेंज के अधिकारी,कर्मचारियों की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते यहां के जंगलों में

खुलेआम धड़ल्ले से हरे-भरे सागौन के पेड़ों की कटाई होने के साथ ही वन संपदा,खनिज तथा वन औषधी की महाराष्ट्र प्रदेश में बड़ी तादाद में तस्करी होने लगी है,जिस पर कोई नियंत्रण नहीं लगा पा रहा है।

ऐसे में कैसे हो पाएगा जिले का विकास ?: छिंदवाड़ा से अलग होकर पांढुरना जिले को अस्तित्व में आने को तीन वर्षों से भी अधिक का समय बीतने के बाद अब भी पांढुरना जिला छिंदवाड़ा पर ही निर्भर है,सरकार द्वारा पांढुरना में नए विकास कार्य शुरू कराने की बात तो दूर यहां विभाग प्रमुख अधिकारियों की तैनाती तक नहीं की जा रहीं है,जिससे जिले का संचालन सुचारू रूप से कैसे हो पाएंगा।

डेढ वर्षों बाद भी नहीं हुई अधिकारी की तैनाती : उल्लेखनीय हो कि जिले के अंबाडा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री वर्मा का यहां से लगभग डेढ वर्ष पूर्व तबादला कर दिया गया था,लेकिन इनके स्थान पर किसी की भी तैनाती नहीं करने अंबाडा वन परिक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार पांढुरना वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभु राम मुछाला को दे दिया गया,जिसके चलते डेढ़ वर्षों तक पांढुरना वन परिक्षेत्र के साथ ही अंबाडा वन परिक्षेत्र के अतिरिक्त प्रभार का श्री मुछाला द्वारा संचालन किया गया है,हालांकि पांढुरना जिले के यह दोनों ही वनपरिक्षेत्र लगे-लगे है,जिसके चलते इसके संचालन करने में श्री मुछाला को कोई भी परेशानी नहीं हुई।

जिले के नहीं पड़ोसी जिले के अधिकारी को सौंपा प्रभार

लेकिन अब लगभग पांच माह पूर्व पांढुरना वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभु राम मुछाला को प्रदेश के धार जिले में स्थानांतरण कर दिया गया,और इनके स्थान पर किसी की भी तैनात नहीं कर उन्हें यहां से भारमुक्त करने से अब पांढुरना तथा अंबाडा वनपरिक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार पांढुरना जिले के सौसर,कन्हान वनपरिक्षेत्र अधिकारी को नहीं देते हुए पडोसी जिले के छिंदवाडा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री टी.आर.भलावी को दिया गया है।

अब कर्मचारियों को लगाने पड रहें छिंदवाड़ा के चक्कर

श्री भलावी के पास एक साथ तीन वन परिक्षेत्र का प्रभार होने से वे महीनों तक पांढुरना तथा अंबाडा के वन क्षेत्र का निरीक्षण करना तो दूर की बात पांढुरना तथा अंबाडा के वन परिक्षेत्र कार्यालय में तक नहीं आते बल्कि आवश्यक दस्तावेजों को हस्ताक्षर कराने या फिर विभागीय कार्य के चलते इन दोनों ही वन परिक्षेत्र के विभागीय अधिकारियों को छिंदवाड़ा में श्री भलावी के कार्यालय में आना-जाना पड रहा है।

Name change

I. Mohammad Shoaeb Mansoori R/o Indira Gandhi Ward, Sausar 480106 have change my name from MOHAMMAD SHOAEB MANSOORI to MOHAMMAD SHOAIB MANSOORI.

Name change

I. Bushra Tabassum Mohd Haneef R/o Indira Gandhi Ward, Sausar 480106 have change my name from BUSHRA TABASSUM MOHD HANEEF to BUSHRA TABASSUM.